रेलवे की ग्रुप-डी

एक लाख रिक्त पदों पर जल्द भर्ती निकलने की उम्मीद

कासं/अजमेर। रेलवे में नौकरी करने का सपना देख रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। रेलवे की ओर से जल्द ही ग्रुप डी में 1 लाख रिक्त पदों पर भर्ती आने की संभावना है। वहीं टेक्निशियन के पदों पर निकाली गई भर्ती में भी पदों की संख्या बढ़ सकती है। रेलवे की ओर से हाल ही में 1 लाख 38 हजार पदों पर भर्ती पूरी की गई है। अभी भी रेलवे में 2 लाख 40 हजार पद रिक्त हैं। रेलवे के कर्मचारी संगठनों की मांग पर रेलवे ने ग्रुप डी और पैरा मेडिकल के रिक्त पदों पर भर्ती निकालने की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में सभी जोनल रेलवे से रिक्त पदों की संख्या का आकलन 2025 तक करते हुए ब्यौरा मांगा गया है। ऐसे में ग्रुप डी के 1 लाख पदों पर भर्ती आने की संभावना है। ये भर्ती अक्टूबर माह में निकाली जाएगी। रेलवे पहले पैरा मेडिकल के रिक्त पदों पर भर्ती निकालने को तैयार नहीं थी। रेलवे इन रिक्त पदों को संविदा पर कर्मचारी को लेने का मन बना चुकी थी। लेकिन फिर मान्यता प्राप्त संगठनों के दबाव के बाद अब पैरा मेडिकल के रिक्त पदों पर भर्ती निकालने की तैयारी है। माना जा रहा है कि इसमें भी 5 हजार से अधिक पदों पर भर्ती आ सकती है। वहीं हाल ही में सहायक लोको पायलट भर्ती में पदों की संख्या बढ़ने के बाद टेक्निशियन भर्ती में भी पदों की संख्या बढ़ सकती है। इस संबंध में भी रेलवे ने सभी जोन से रिक्त पदों का रिव्यू मांगा है। माना जा रहा है कि जल्द ही टेक्निशियन की भर्ती में पदों में संख्या 9144 से बढ़कर 30 हजार हो सकती है।